1. Downloading of Bids:- The NIT Consisting of qualifying information, eligibility criteria, specifications, Bill of quantities (B.O.Q), Set of terms and conditions of contract and other details can be seen from the departmental website www.jktenders.gov.in from 02.12.2021 (18.00 hrs) and can be downloaded from 02.12.2021 (18.00 hrs).
2. Uploading: The bidders shall deposit their bids in electronic format on the above web site03.12.2021 (10.00 hrs) to 08.12.2021 (15:00hrs ) in two (02) covers.
3. Opening of Bids :- The bids received upto due date and time shall be opened on 09.12.2021 at 15.00 hrs or any date convenient to the department in the office of Executive Engineer, MHCHD, Srinagar

Srinagar.
**DIP No:DIPK-14017/21**
**MHCHD/TS/7685-90 Dt:-02.12.2021**

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**MHCHD, Srinagar**

**UNIDENTIFIED DEAD BODY**



General Public is hereby informed that one male **Namely: Unknown S/o: Unknown**, **Address: Unknown** was found dead at KM Pole No. 06/09-11, Near Rakhi Market, Zakhira Dayabasti Railway Station, Delhi in the area of P.S. Sarai Rohilla Railway Station, Delhi on **28.11.2021**. The body has been preserved in Sabzi Mandi Hospital's Mortuary, Delhi. In this regard a case has been lodged vide **DD No. 13A U/s 174 Cr.P.C. 28.11.2021** at P.S. Sarai Rohilla Railway Station, Delhi. The description of the dead male is as under:- **Age:** About 30-35 years, **Sex:** Male, **Height:** 5'4", **Face:** Oval, **Complexion:** Shallow, **Injury:** Nose & head injury, right arm broken, **ID Mark:** right leg handicapped, **Built:** Medium, **Wearing:** Grey & brown colour jacket and grey colour lower. If any one having any information about this dead male please inform undersigned.

**SHO**
**P.S. Sarai Rohilla Railway Station, Delhi**
**Ph.: 011-28711697, 8750871308**
**DP/399/RLY/2021**

# सरकार की तरफ से अभी कोई औपचारिक आश्वासन नहीं मिला: एसकेएम

## आज होने वाली संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक होगी काफी अहम, किसानों की आगे की रणनीति होगी तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार की तरफ से अभी तक कोई औपचारिक आश्वासन नहीं मिलने के कारण किसान दिल्ली के तीनों बॉर्डर पर अपनी लंबित मांगों के लिए आंदोलनरत हैं। हालांकि ऐसी खबरें आ रही है कि कुछ किसान नेता आंदोलन खत्म करने के पक्ष में है। कई जगहों से लंगर बंद होने की भी खबरें आ रही है। वहीं संयुक्त किसान मोर्चा अभी भी अपनी छह मांगों को लेकर सरकार की तरफ से पहल का इंतजार कर रही है। इसे लेकर वह प्रधानमंत्री को पत्र भी लिख चुका है। आज सिंघु बॉर्डर पर होने वाली किसानों की बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। इसमें आगे की रणनीति को लेकर घोषणा की जाएगी। एसकेएम का कहना है कि दिल्ली की सीमाओं और अन्य जगहों पर दर्जनों स्थानों पर पक्का मोर्चा जारी है, जो विरोध कर रहे किसानों के अनुशासन और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

एसकेएम ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में जिन छह मुद्दों का जिक्र किया है उनमें से एक प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने का था। विशेष रूप से भाजपा शासित राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में हजारों किसानों के खिलाफ सैकड़ों बेबुनियाद और झूठे मामले दर्ज किए गए हैं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यह केवल हरियाणा के मामलों के बारे में नहीं है बल्कि हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी मामले हैं।





### एक और किसान ने दी प्राणों की आहुति

*कल एक और किसान गिरिराज संत को इस आंदोलन के लिए अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। केएमपी-केजीपी इंटरचेंज के पास एक मोर्चा में उनका निधन हो गया, जहां वे पिछले साल से विरोध में बैठे थे। एसकेएम आंदोलन के शहीदों के परिजनों के पुनर्वास की अपनी मांग पर भारत सरकार के जवाब का इंतजार कर रहा है।*

## खबर संक्षेप

### झगड़े में हुई चाकूबाजी दो युवक घायल

**नई दिल्ली।** टैगोर गार्डन थाना इलाके में दो पक्षों के बीच हुई चाकूबाजी में दो लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों के नाम सर्वेश व संदीप है। पुलिस ने मामले में हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को शेखर को हिरासत में लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे के करीब पुलिस को शिव मंदिर के पास टैगोर गार्डन विशाल एंक्लेव में यादव फूड रेहडी पर झगड़ा होने की सूचना मिली। झगड़े में शेखर और गौरव एक तरफ थे, जबकि दूसरी ओर से सर्वेश यादव, संदीप यादव व विनय यादव थे।

### हत्या के प्रयास में शामिल फरार बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मंडावली थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में शामिल एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश का नाम आकिब एर्फ हैप्पी है। जांच में पुलिस को पता चला कि बदमाश पर पहले से हत्या व लूट का केस दर्ज है। कुछ वक्त पहले पुलिस ने इसके तीन साथियों को दबोचा था। पुलिस बदमाश से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी प्रियंका कश्यप के अनुसार, गत नौ नवंबर को मंडावली थाना पुलिस को एक युवक के साथ मारपीट की कॉल मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित बाबी चौधरी को घायल हालत में एलबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया, उसने पुलिस को बताया कि आकिब और उसके साथियों ने उसपर चाकू व क्रिकेट के बल्ले से हमला किया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के बाद वारदात में शामिल लोकेश व दो नाबालिगों को पुलिस ने दबोच लिया।

### बवाना : प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरपश्चिमी दिल्ली के बवाना औद्योगिक इलाके में प्लास्टिक दानों की एक फैक्ट्री में शुक्रवार तड़के आग लग गयी। अधिकारियों ने बताया कि आग पर तड़के चार बजे काबू पा लिया गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### लूटपाट करने वाला बदमाश पकड़ा

**नई दिल्ली।** मानसरोवर थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश दिल्ली व गाजियाबाद में लूट व झपटमारी की कई वारदात को अंजाम दे चुका है। बदमाश का नाम लईक है। पुलिस ने इसके पास से वारदात में इस्तेमाल किया जाने वाला एक चाकू व मोटरसाइकिल बरामद की है। उसके खिलाफ पहले से झपटमारी व लूट के दिल्ली, उत्तर प्रदेश व हैदराबाद में 15 केस दर्ज हैं। पुलिस इसके साथी अमन की तलाश कर रही है। पुलिस को जांच में पता चला गिरफ्तार आरोपित नशे का आदी है, उसके एक दिन के नशे का खर्च 1200 रुपये है। लत को पूरा करने के लिए वह वारदात को अंजाम देता है।

## सीसीटीवी कैमरे लगाने में लंदन-वाशिंगटन-पेरिस से भी आगे निकली दिल्ली

# दूसरे चरण में लगाएंगे एक लाख चालीस हजार सीसीटीवी : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार के काम का कमाल है कि आज दिल्ली, लंदन, वाशिंगटन और पेरिस जैसे शहरों से भी आगे निकल गई है। दिल्ली सीसीटीवी लगाने के मामले में दुनिया का नंबर वन शहर बन गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को डिजिटल प्रेसवार्ता के दौरान उक्त जानकारी देते हुए कहा कि लोगों की सुरक्षा में सबसे अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने वाला दुनिया का दिल्ली नंबर वन शहर बन गया है। हमारी सरकार ने पिछले 7 साल में दिल्ली में 2.75 लाख कैमरे लगाए हैं और 1.40 लाख कैमरे और लगाने जा रहे हैं। जिसके बाद कुल 4.15 लाख कैमरे हो जाएंगे। सीसीटीवी के मामले में दिल्ली के बाद दुनिया का लंदन दूसरा शहर है। दिल्ली में प्रति मील 1826 और लंदन में 1138 कैमरे लगे हैं, जो दिल्ली की तुलना में बहुत कम हैं। वहीं, भारत में दूसरे स्थान पर चेन्नई और तीसरे स्थान पर मुंबई है। दिल्ली में चेन्नई से तीन गुना और मुंबई से 11 गुना अधिक कैमरे लगे हैं। सीएम केजरीवाल ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद से दिल्ली में महिलाएं सुरक्षित महसूस करने लगी हैं और पुलिस को भी अपराध का खुलासा करने में मदद मिल रही है। मुझे उम्मीद है कि इतने कैमरे लगने के बाद दिल्ली की सुरक्षा बढ़ेगी और लोग सुरक्षित महसूस करेंगे। केजरीवाल ने बताया कि हमारी सरकार बनने के बाद पिछले सात साल में पूरे दिल्ली में 2.75 लाख सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। यह 2.75 लाख सीसीटीवी कैमरे सड़कों, सार्वजनिक स्थानों, आडब्ल्यूए, कॉलोनी, मोहल्ले, गलियों और स्कूलों समेत दिल्ली के कोने-कोने में लगाए गए हैं। आज की तारीख में सीसीटीवी कैमरे लगाने के मामले में हमारी दिल्ली पूरी दुनिया में नंबर वन है। किसी शहर में प्रति वर्ग किलोमीटर कितने सीसीटीवी कैमरे हैं, इसमें दिल्ली पूरी दुनिया में पहले स्थान पर है। एक संस्था ने 150 शहरों का एक सर्वे कराया था, जिसमें दिल्ली नंबर वन स्थान पर है। प्रति वर्ग मील में दिल्ली में 1826 सीसीटीवी कैमरे हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर लंदन आता है। लंदन में प्रति वर्ग मील में 1138 कैमरे हैं। दिल्ली में लगे सीसीटीवी कैमरों की संख्या से लंदन बहुत दूर है। इस तरह, कैमरे लगाने के मामले में लंदन, न्यूयार्क, सिंगापुर, पेरिस समेत अन्य शहरों से दिल्ली बहुत आगे है। दिल्ली में हम इतने सीसीटीवी कैमरे लगा चुके हैं कि इन सभी शहरों से दिल्ली की कोई तुलना ही नहीं है।



### महिलाओं की सुरक्षा में इजाफा हुआ

*मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि भारत में सीसीटीवी कैमरे लगाने के मामले में दिल्ली के बाद चेन्नई दूसरे स्थान पर आता है। चेन्नई से दिल्ली में तीन गुना ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। जबकि मुम्बई से दिल्ली में 11 गुना ज्यादा सीसीटीवी कैमरे हैं। हमने दिल्ली में जब से सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, उससे महिलाओं की सुरक्षा में इजाफा हुआ है और महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करने लगी हैं।*

### कैमरे लगाने में एलजी हाउस में धरना तक करना पड़ा

*मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आगे कहा कि मैं अपने दिल्लीवासियों के लिए खुशखबरी लेकर आया हूं कि हम दिल्ली में 1.40 लाख सीसीटीवी कैमरे और लगाने जा रहे हैं। अभी दिल्ली में 2.75 लाख कैमरे लग चुके हैं। इसके अतिरिक्त 1.40 लाख सीसीटीवी कैमरे और लगाने का दूसरा चरण शुरू होने जा रहा है। इसके बाद दिल्ली में कुल 4.15 हजार कैमरे हो जाएंगे। हमारी दिल्ली सीसीटीवी कैमरे लगाने के मामले में पहले ही दुनिया में नंबर वन स्थान पर है। अब 1.40 लाख कैमरे लगाने के बाद पूरी दिल्ली में बहुत ज्यादा कैमरे हो जाएंगे। आप लोग जातने हैं कि दिल्ली में कैमरे लगाने में अड़चनें आई थीं। सीसीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए एक बार मुझे, मनीष सिसोदिया और गोपाल राय को एलजी हाउस में धरना भी करना पड़ा था।*

### मॉडर्न कैमरों के खराब होने पर आएगा एसएमएस

*मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि भारत सरकार की कंपनी भारत इलेक्ट्रिक्स लिमिटेड कंपनी दिल्ली में सभी कैमरे लगा रही है। भारत इलेक्ट्रिक्स लिमिटेड कंपनी बहुत अच्छे कैमरे लगा रही है। हम भारत इलेक्ट्रिक्स लिमिटेड को भी धन्यवाद करना चाहते हैं। यह बहुत ही मॉडर्न कैमरे हैं। कई बार हम कैमरे लगा देते हैं। वे कैमरे खराब हो जाते हैं और पता भी नहीं चलता है। फिर जब कोई अपराध हो जाता है, तो पता चलता है कि सीसीटीवी कैमरा खराब पड़ा था। लेकिन इस कैमरे की खासियत यह है कि अगर कैमरा खराब होगा और काम नहीं करेगा, तो इस संबंध में कमांड सेंटर में एक अलार्म आ जाएगा। कुछ लोगों के मोबाइल नंबर भी फीड होंगे, जिस पर इस संबंध में एसएमएस आ जाएंगे।*

### सीसीटीवी कवरेज का दावा सिर्फ एक मजाक : बिधूड़ी’

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सीसीटीवी कवरेज के दावे को दिल्ली की जनता के साथ मजाक बताया है जिसमें कहा गया है कि सीसीटीवी कवरेज के मामले में दिल्ली दुनिया का नंबर वन शहर बन गई है। बिधूड़ी ने सवाल किया है कि केजरीवाल को दिल्ली में सीसीटीवी कैमरों की याद चुनावों से पहले ही क्यों आती है? पिछले विधानसभा चुनावों से ठीक पहले सीसीटीवी कैमरे लगाने की शुरुआत की गई थी और अब नगर निगम चुनावों से ठीक पहले फिर से सीसीटीवी कैमरों का राग अलापा जा रहा है। पहले लगाए गए कैमरे खराब पड़े हैं या फिर चोरी हो गए हैं।

### सीसीटीवी पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सबसे ज्यादा सीसीटीवी लगाने के दावे पर पलटवार करते हुए कहा कि यह सब प्रदूषण पर कोर्ट की कड़ी फटकार से ध्यान भटकाने का हथकंडा है। उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल ने 2015 के चुनाव में वादा किया था कि अगले पांच साल में दिल्ली में 15 लाख सीसीटीवी कैमरे लगा देंगे, उसका क्या हुआ?। केजरीवाल सरकार ने धीमी गति से प्रतिवर्ष लगभग 45 हजार सीसीटीवी लगाने का काम किया जबकि केजरीवाल द्वारा वादे के मुताबिक 3 लाख सीसीटीवी कैमरे हर साल लगाने चाहिए थे। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा कि केजरीवाल राजधानी में 2.75 लाख सीसीटीवी कैमरा लगाने का दावा कर रहे है, जबकि गत 7 वर्षों में दिल्ली असुरक्षित होने के साथ ही यहां अपराध भी बहुत ज्यादा बढ़े है।

# वारदात को अंजाम देकर भाग रहे दो बदमाशों को लोगों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- हथियार के बल पर की थी लूटपाट
- विरोध करने पर पीड़ित को दी जान से मारने की धमकी

निहाल विहार थाना इलाके में लोगों ने दो बदमाशों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दरअसल, बदमाशों ने हथियार के बल पर एक युवक से सोने की चेन लूटी थी। इसके बाद बदमाश मौके से भागने लगे थे। पकड़े गए बदमाशों के नाम दीपक और सूरज है। बदमाश दीपक पर लूट, चोरी, झपटमारी, चोरी समेत 35 अपराधिक केस दर्ज हैं। वहीं, सूरज पर सात मामले दर्ज हैं। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस लूट और झपटमारी के फिलहाल दो केस सुलझाने का दावा के रही है। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल, जिंदा कारतूस, बाइक, सोने की चेन और करीब डेढ़ हजार रुपए व बैग बरामद किया है। पुलिस बदमाशों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी परविंदर सिंह के अनुसार, निहाल विहार पुलिस थाने को पीसीआर कॉल के जरिए चंदर विहार में फायरिंग की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मौके पर चंदर विहार निवासी पीड़ति देव वर्मा (33) मिला। उसने पुलिस को बताया कि बाइक पर सामने से आए दो युवकों ने उसकी सोने की चेन छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर पिस्टल निकाल उसे गोली मारने की धमकी दी गई। इसके बाद बदमाशों ने उसके सिर पर वार कर सोने की चेन लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से भागने लगे। पीड़ति की आवाज सुनकर लोग मौके पर एकत्रित हो गए, जिन्होंने हिम्मत दिखाते हुए दोनों बदमाशों को वहीं पर दबोच लिया। लोगों ने मिलकर दोनों बदमाशों को पकड़ धुनाई कर दी। इसके बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया।इसके बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### सब्जी मंडी के कचरे में मिले तीन बच्चों के भ्रूण

**नई दिल्ली।** ईस्ट जिले में स्थित गाजीपुर सब्जी मंडी के कचरे में शुक्रवार सुबह तीन भ्रूण मिले। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने तीन भ्रूण को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने तीनों भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। बताया जा रहा है कि तीनों भ्रूण एक ही महिला के है। पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से भ्रूण फेंकने वाली महिला व उसके पति की पहचान कर ली है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह 8:30 बजे पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को गाजीपुर सब्जी मंडी के कचरे में तीन बच्चों के मृत पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद लोकल पुलिस के अलावा आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची टीम को पता चला कि तीनों मानव भ्रूण हैं, किसी ने ठिकाने लगाने के मकशद से इन बच्चों के भ्रूण को यहां फेंका है। पुलिस तीन भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज से पुलिस ने भ्रूण फेंकने वाली महिला व उसके पति की पहचान कर ली। जांच में यह पता चला कि महिला गृहणी है, उसका पति मजदूरी का काम करता है। छह से अधिक महीने से वह गर्भवती थी, उसका एक अस्पताल से उपचार चल रहा था।

### टीवी बंद करने पर दोस्त का गला रेता

**नई दिल्ली।** अलीपुर थाना इलाके में टीवी बंद करने पर एक व्यक्ति ने अपने दोस्त का चाकू से गला रेत दिया। वारदात के बाद आरोपी पीड़ति को धमकी देकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने पीड़ित महेंद्र की शिकायत पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, महेंद्र अपने बारह साथियों के साथ खेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में रहता है। वह और उसके साथी शादी और पार्टी में वेटर का काम करता है। महेंद्र ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार को उनको काम पर नहीं जाना था। शाम को सभी बैठकर शराब का सेवन किया और रात में खाना बनाने की तैयारी करने लगे। उसके साथ रहने वाला दिनेश टीवी देख रहा था। उसने दिनेश को सब्जी काटने के लिए कहा। दिनेश ने काम करने से मना कर दिया। उसके बाद महेंद्र ने टीवी को बंद कर दिया।

### जहरखुरानी गैंग का एक बदमाश पकड़ा


**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सिविल लाइंस थाना पुलिस ने जहरखुरानी गैंग के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान उदयवीर सिंह के रूप में हुई हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से ऑटो बरामद किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी सागर सिंह कलसी के अनुसार गत 1 दिसंबर को सिविल लाइंस थाने की पुलिस बुध विहार के पास पिकेट लगाकर जांच कर रही थी। इस दौरान एक ऑटो में सवार युवक को अर्ध बेहोशी के हालत में देखा। पुलिस ने ऑटो को रोक कर पूछताछ की तो युवक ने बताया कि उसे ऑटो चालक व उसके साथियों ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया है। पुलिस ने ऑटो चालक को पकड़ लिया। वहीं युवक को तुरंत ट्रामा अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश आने पर युवक की पहचान मो.हलीम के रूप में हुई। उसने पुलिस को बताया कि वह सोनीपत से आ रहा था। बाइपास चौक पर आनंद विहार बस अड्डे जाने के लिए ऑटो में बैठा। चालक व उसके दो साथियों ने उसे कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके दो साथी उसका कुछ सामान लेकर भाग गए हैं।

## ग्रीन लाइन को जोड़ेगा पिंक लाइन से, केवल लाइन बदलने की मिलेगी सुविधा

# पहले हाल्ट प्लेटफॉर्म का सिविल कार्य जनवरी में होगा पूरा, अप्रैल तक खुलने की उम्मीद

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) द्वारा बनाए जा रहे दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के पहले हाल्ट प्लेटफॉर्म का सिविल कार्य जल्द पूरा होने वाला है। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार ग्रीन व पिंक लाइन को जोड़ने के लिए पंजाबी बाग में पहला हाल्ट प्लेटफॉर्म बनाया जा रहा है। इसका कार्य जनवरी 2022 तक पूरा हो सकता है। जबकि इस हाल्ट प्लेटफॉर्म को मार्च अप्रैल तक यात्रियों के लिए खोलने की पूरी पूरी उम्मीद है। यहां पर 18 जून से 30 सितंबर तक हाल्ट तैयार करने का काम पूरा होना था, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसमें देरी हो चुकी है। जानकारी अनुसार इस



प्लेटफार्म को लाइन से कनेक्ट करने के लिए 230 मीटर लंबा फुटओवर ब्रिज बनाया जा रहा है, जो पंजाबी बाग वेस्ट मेट्रो स्टेशन को ग्रीन लाइन से जोड़ेगा। यह प्लेटफॉर्म 155 मीटर लंबा होगा जिस पर दो बड़ी बड़ी लिफ्ट लगाई जाएंगी, जिनमें प्रत्येक में करीब 26 यात्री आ सकते हैं। इसके अलावा सीढ़ियों की भी व्यवस्था रहेगी। इस प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को किसी भी तरह की टिकट अथवा स्मार्ट कार्ड से किराया भुगतान करने की कोई सुविधा नहीं मिलेगी। यहां केवल यात्री उतर कर दूसरी मेट्रो लाइन के लिए आ जा सकते है। अभी ग्रीन लाइन और पिंक लाइन के बीच किसी प्रकार की कनेक्टिविटी नहीं है। इस हाल्ट प्लेटफॉर्म के बनने से बहादुरगढ़, बाहरी दिल्ली के कई हिस्से, नजफगढ़, मुंडका, नांगलोई, आदर्श नगर, बुराड़ी, आजादपुर, शालीमार गांव व बाग, सही पुर गांव, जेजे कॉलोनी वजीरपुर आदि क्षेत्र में रहने वाले हजारों लोगों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। डीएमआरसी के अनुसार ग्रीन लाइन को पिंक लाइन से जोड़ने के लिए दोनों लाइनों के बीच पंजाबी बाग में एक नई इंटरचेंज फैसिलिटी (हाल्ट प्लेटफॉर्म) बनाया जा रहा है। इसका कार्य तेजी से किया जा रहा है। जनवरी में इसका सिविल कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। उसके बाद अन्य कार्य किए जाएगें और अंत में मार्च-अप्रैल माह में इसे खोलने की पूरी पूरी उम्मीद है। इस प्लेटफॉर्म के बनने के बाद पिंक लाइन मुकुंदपुर-शिव विहार और ब्रिगेडियर होशियार सिंह – कीर्ति नगर- इंद्रलोक दोनों एक दूसरे से जुड़ जाएगी। इससे रोजाना हजारों यात्रियों को बहुत फायदा होगा। क्योंकि वर्तमान में पंजाबी बाग में यह दोनों लाइनें एक दूसरे से मिलते हुए गुजर तो जरूर रही है, लेकिन आपस में कनेक्ट नहीं होने से यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर यात्रियों को यहां लाइन बदलनी हो तो उन्हें कम से कम आधा किलोमीटर या इससे भी ज्यादा पैदल चलना पड़ता है।

### पिंक लाइन पर खराब मेट्रो से यात्री हुए परेशान

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर हाल ही में हुई ड्राइवर लैस मेट्रो में तकनीकी खराबी आने की वजह से शुक्रवार को यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। तकनीकी खराबी के चलते पिंक लाइन अंतर्गत मयूर विहार पॉकेट-1 से आनंद विहार आईएसबीटी स्टेशन के बीच शाम को करीब दो घंटे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। शाम करीब 4.15 बजे आई खराबी को ठीक करने में लगभग दो घंटे लगे जिसके बाद 6.20 पर दोबारा से मेट्रो परिचालन शुरू हो सका। जानकारी अनुसार कई स्टेशनों पर मेट्रो के अंदर गलत स्टेशन के नाम की उद्घोषणा से भी यात्रियों में भ्रम की स्थिति बनी रही।

**Sai Capital Limited**
**CIN: L74899DL1995PLC069787**
Regd. Off.: G-25, Ground Floor, Rasvilas Salcon D-1, Saket District Centre, Saket, New Delhi, South Delhi -110017. Ph: 011-40234681
E-mail: saicapitallimited@hotmail.com / cs@saicapital.co.in
Website: www.saicapital.co.in

**NOTICE OF THE 26TH ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING AND BOOK CLOSURE**

NOTICE IS HEREBY GIVEN THAT:

1. The 26th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Monday, 27th December, 2021 at 11:30 A.M. through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM), in terms of "MCA Circulars" to transact the business(es) as set out in the Notice of the AGM.
   In accordance with Circulars issued by SEBI and MCA, Notice of AGM alongwith the Annual Report for the Financial Year 2020-21, inter-alia including e-voting instructions and credentials has been sent only through e-mail on 3rd December, 2021 to the Members whose email IDs are registered with the RTA/ Company or with the Depository Participants. These documents can be downloaded from the website of the Company at www.saicapital.co.in and also from the website of BSE Limited at www.bseindia.com, where the Equity Shares of the Company are listed.
2. Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, and MCA Circulars, the Company is providing remote e-voting facility through National Securities Depository Limited (NSDL).
3. The e-voting facility is being provided to Members whose names appear in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on cut-off date i.e., Monday, December 20, 2021 to exercise their right to vote by using remote e-voting on any or all of the businesses specified in the Notice of AGM. Detailed procedure and instructions for joining the meeting through VC/OAVM and remote e-voting facility are mentioned in the Notice of AGM.
4. Date and time of commencement and ending of remote E-voting:
   Commencement: Friday, 24th December, 2021 (09:00 A.M.)
   Ending: Sunday, 26th December, 2021 (05:00 P.M.)
   During this period, Members of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialised form, as on the cut-off date i.e. 20th December, 2021, may cast their vote by remote e-voting.
5. The remote e-voting module shall be disabled for voting after 5:00 P.M. on Sunday, 26th December, 2021 and Members will not be allowed to vote by way of remote e-voting beyond the said date and time. Once the vote on a Resolution is cast by the Member, he/she/it shall not be allowed to change it subsequently.
6. Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM, may attend the AGM through VC/ OAVM, but are not entitled to cast their vote again.
7. Any person who acquires shares and becomes a Member of the Company after the sending of Notice of AGM and holds shares as on cut-off date i.e., Monday, 20th December, 2021, may obtain the Login ID and Password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or to the RTA, Alankit Assignments Limited at info@alankit.com and vote by following the instructions of remote e-voting as mentioned in the Notice of the AGM. A Member already registered with NSDL for e-voting can use the existing user ID and password to vote.
8. The Company has appointed Ms. Rashmi Sahni, Practicing Company Secretary (Membership No. ACS 25681; CP No.: 10493), to act as the Scrutinizer for conducting the remote e-voting process in a fair and transparent manner who shall submit not later than 2 working days of the conclusion of the meeting, a Scrutinizer's Report of the total votes cast in favour or against, if any, forthwith to the Chairman of the Company or any person authorised by him in writing and the Results shall be declared by the Chairman or any person authorised by him thereafter.
9. Members who have not registered their email ID are requested to register the same by sending a signed request to the Registrar and Transfer Agent of the Company (RTA), Alankit Assignments Limited at info@alankit.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of share certificate (Front and Back), PAN (Self attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (Self attested scanned copy of Aadhar Card).For shares held in demat form, the Depository Participant (DP) may be contacted for registering the email ID.
10. In case of any queries, please refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no.: 18001020990/1800224430 or send a request to Mr Amit Vishal, Senior Manager or Ms Pallavi Mhatre, Manager, National Securities Depository Ltd., Trade World, 'A' Wing, 4th Floor, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai – 400 013, at the designated email IDs: evoting@nsdl.co.in or AmitV@nsdl.co.in or pallavid@nsdl.co.in or at telephone nos. : +91-22-24994360 or +91-99202 64780 or +91-22-24994545. Further, Members may also contact RTA of the Company Alankit Assignments Limited at info@alankit.com or at telephone no. 011 42541234/ 23541234.
11. **BOOK CLOSURE**
    Pursuant to the provisions of Section 91 of the Companies Act, 2013, read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company shall remain closed from Tuesday, December 21, 2021 to Monday, December 27, 2021 (both days inclusive) for the purpose of AGM for Financial Year 2020-21.

By Order of the Board
**Sai Capital Limited**
Sd/-
**Dr. Niraj Kumar Singh**
Chairman & Managing Director
**DIN:** 00233396

**Date:** 04.12.2021
**Place:** New Delhi